पॉलिसी: आदेश में अस्पष्टता

पॉलिसी संख्या – 27

जारी होने की तारीख -12/10/2020

आख़िरी संशोधन की तारीख – 30/07/2021

किस पर लागू है –कम्पनी के सभी कर्मचारियों पर

पॉलिसी में कुल पेज़ों की संख्या – 1

यदि आपको अपने सीनियर या किसी अन्य सीनियर अधिकारी द्वारा आदेश दिया जाता है तो आपको समय सीमा के साथ आदेश का पालन करना चाहिए।

सिर्फ इन अपवादों को छोड़कर:

1- आदेश किसी भी पॉलिसी का उल्लंघन कर रहा है।

2- आदेश कम्पनी के पक्ष में नहीं है।

3- आदेश कम्पनी, उसके कर्मचारी, उसके व्यवसाय और आर्थिक स्थिति के लिए हानिकारक है।

4- आदेश गैर कानूनी है।

5- आदेश देने वाले व्यक्ति से सीनियर व्यक्ति द्वारा आदेश को रद्द या होल्ड पर रखा गया है।

बिंदु (प्वाइंट) 1 से 4 के मामले में, जब आप इसे देने वाले व्यक्ति से आदेश प्राप्त करते हैं, तो आपको तुरंत लिखित रूप में पूछताछ करनी चाहिए और उस व्यक्ति के जवाब की प्रतीक्षा करनी चाहिए और केवल आपसी सहमति पर कार्य करना चाहिए।

बिंदु (प्वाइंट) 5 के मामले में, आपको आदेश देने वाले प्राधिकारी को सूचित करना होगा कि उसका आदेश किसी सीनियर प्राधिकारी द्वारा रद्द/रोक दिया गया है।

यदि आप लिखित रूप से कोई सवाल जवाब नही कर रहे हैं और किसी आदेश को नज़र अंदाज़ कर रहे हैं, तो आपको दंड नियमों के अनुसार दंडित किया जाएगा।

ok Approved

एच-आर प्रमुख द्वारा लिखित

HR and Management Approved

ok Approved

मैनेजमेंट द्वारा स्वीकृत